S-72 Roll No. …………………..

BAHL–201

पद्य साहित्य—**1**

Bachelor of Arts (B. A.-12/16/17)

Second Year, Examination, 2018

Time : 3 Hours **Max. Marks : 80**

नोट : यह प्रश्न पत्र अस्सी (80) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए उन्नीस (19) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. काव्य किसे कहते हैं ? विस्तार से व्याख्या कीजिए।
2. भक्तिकाल के उद्भव और विकास की समीक्षा कीजिए।
3. रीति को परिभाषित करते हुए रीतिकाल की प्रमुख प्रवृत्तियों एवं भेदों के बारे में अपने विचार प्रकट कीजिए।
4. लम्बी कविता के काव्य विधान से आप क्या समझते हैं ? हिन्दी की प्रमुख लम्बी कविताओं के बारे में बताइए।

खण्ड–ख

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आठ (08) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल चार (04) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. खण्ड काव्य किसे कहते हैं ? हिन्दी के प्रमुख खण्ड काव्यों का परिचय दीजिए।
2. निर्गुण संत काव्य और प्रेमाख्यानक में क्या अन्तर है ? स्पष्ट कीजिए।
3. रामभक्ति शाखा का परिचय दीजिए।
4. भक्ति आन्दोलन के किस कवि ने आपको सबसे ज्यादा प्रभावित किया है ?
5. साकेत के किसी महत्त्वपूर्ण चरित्र का चरित्र-चित्रण कीजिए।
6. कुरुक्षेत्र का प्रमुख संदेश क्या है ?
7. " 'सरोज स्मृति' एक कवि के आत्मसंघर्ष की कथा भी है।" आप इस कथन से कहाँ तक सहमत हैं ?
8. रहीम की काव्यकला पर प्रकाश डालिए।

खण्ड–ग

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए एक (01) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. 'बीसलदेव रासो' किस कवि की रचना है ?

2. ‘सूर सागर’ के रचनाकार कौन हैं ?
3. ‘विनयपत्रिका’ की भाषा बताइए।
4. घनानन्द की रचना का नाम लिखिए।
5. ‘प्रिय प्रवास’ किसकी रचना है ?
6. ‘लख कर अनर्थ आर्थिक पथ कर/ हारता रहा मैं स्वार्थ समर’ किसकी काव्य पंक्ति है ?
7. ‘असाध्य वीणा’ का रचनाकार कौन है ?
8. ‘पद्‌मावत’ किसकी रचना है ?
9. ‘सरोज स्मृति’ किसके जीवनवृत्त पर आधारित है ?
10. घनानन्द किस काव्यधारा के कवि हैं ?